**Student's Copy**

# General Studies—I

*Time* : 3 Hours ]  [ *Full Marks* : 300

## Section—I
## खण्ड—I

**1.** Write short notes on the following :
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(*a*) Indian Councils Act, 1892 — 8
भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892

(*b*) Santhal Uprising — 8
संथाल विद्रोह

(*c*) Champaran Satyagraha — 8
चम्पारण सत्याग्रह

(*d*) Art and Architecture of Mauryan Period — 7
मौर्य काल की कला और वास्तुकला

(*e*) Cave Paintings of Eastern India in Ancient Period — 7
प्राचीन काल में पूर्वी भारत के गुफा चित्र

**2.** (*a*) "Bihar has been the centre of learning and spiritualism for ancient time." Explain in detail. — 38
''प्राचीन काल से बिहार शिक्षा और अध्यात्म का केन्द्र रहा है।'' इसकी विस्तृत व्याख्या कीजिए।

***Or / अथवा***

(*b*) Evaluate the Champaran Indigo Movement and explain its impacts on the Indian Freedom Struggle. — 38
चम्पारण नील आन्दोलन का मूल्यांकन कीजिए तथा भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष पर इसके प्रभावों का वर्णन कीजिए।

**3.** (*a*) Critically examine the contribution of moderate phase of the Indian National Congress Movement. — 38
भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस आंदोलन के उदारवादी चरण के योगदान का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

***Or / अथवा***

(b) Trace the development of modern education in Bihar and its impact. 38

बिहार में आधुनिक शिक्षा के विकास और उसके प्रभाव को रेखांकित कीजिए।

## Section—II

## खण्ड—II

**4.** Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) Explain the concern of the Supreme Court of India on combating gender stereotypes. 8

लैंगिक रूढ़िबद्ध धारणाओं से मुकाबला करने के लिए भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की चिन्ता का उल्लेख कीजिए।

(b) Examine the relevance of the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 in Indian governance system. 8

भारतीय शासन व्यवस्था में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की प्रासंगिकता का विवेचन कीजिए।

(c) Evaluate the role of Artificial Intelligence in decision-making process of the Legislative institutions. 8

विधायी संस्थाओं की निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में कृत्रिम बौद्धिक क्षमता की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

(d) Describe the parameters and impacts of the Global Wage Report, 2022–23. 7

वैश्विक वेतन प्रतिवेदन, 2022–23 के मापदण्डों एवं प्रभावों का विवरण दीजिए।

(e) What are the basic provisions of the Foreign Trade Policy, 2023 regarding export promotion initiatives in India? 7

भारतीय निर्यात प्रोत्साहन पहलों के सन्दर्भ में विदेश व्यापार नीति, 2023 के मौलिक प्रावधान क्या हैं?

**5.** (a) Provide a brief overview of the Manipur crisis. In your view, what could be the potential repercussion of this ethno-religious conflict on the landscape of national politics? Comment. 38

मणिपुर संकट की संक्षिप्त जानकारी प्रदान कीजिए। आपकी दृष्टि में प्रजातीय-धार्मिक संघर्ष का राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य पर क्या सम्भावित प्रभाव हो सकता है? टिप्पणी कीजिए।

***Or / अथवा***

(b) How does India's leadership within the G-20 reflect its commitment to upholding the ancient philosophy of 'Vasudhaiva Kutumbakam' (the world is one family)? Examine the ways in which India's approach aligns with this



https://www.evidyarthi.in/

philosophy and contributes to global cooperation and development through its role in the G-20. 38

यह कैसे प्रतिबिम्बित होता है कि G-20 में भारतीय नेतृत्व प्राचीन दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम्' (विश्व एक परिवार के रूप में) का पालन करने के प्रति प्रतिबद्ध है? भारत की G-20 में वैश्विक सहयोग एवं विकास में योगदान में भूमिका इस दर्शन के साथ कैसे संरूपित होती है, इसका मूल्यांकन कीजिए।

**6.** *(a)* What could be the potential positive and negative societal consequences of introducing a Uniform Civil Code in India, considering its rich diversity? Explain. 38

भारत की समृद्ध विविधता को ध्यान में रखते हुए भारत में एकसमान नागरिक संहिता को लागू करने के पूर्वानुमानित सकारात्मक व नकारात्मक सामाजिक परिणाम क्या हो सकते हैं, व्याख्या कीजिए।

***Or / अथवा***

*(b)* How does India's growing status as an emerging space power align with its ambitions and achievement in space exploration, particularly in the context of the Chandrayaan-3 mission by ISRO? Discuss the mission's goals and its role in India's journey towards becoming a prominent player in the global space arena. 38

इसरो (ISRO) के द्वारा चन्द्रयान-3 मिशन के विशेष सन्दर्भ में, भारत की उभरती हुई अन्तरिक्ष शक्ति की स्थिति अन्तरिक्ष अन्वेषण में की गयी उम्मीदों और उपलब्धियों से कैसे मेल खाती है? वैश्विक अन्तरिक्ष पटल पर प्रमुख खिलाड़ी बनने की भारत की यात्रा में इस मिशन के लक्ष्यों व भूमिका का विवेचन कीजिए।

## Section—III

## खण्ड—III

**7.** Study the following table carefully and answer the questions given below this table :

There are three companies *X*, *Y* and *Z* making identical soaps in the form of bars.

Soaps are sold by the number of units.

Total sales = Selling price × Units sold

| *Year* | X | | Y | | Z | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | *Unit Price* (₹/unit) | *Sales* (₹ lakhs) | *Unit Price* (₹/unit) | *Sales* (₹ lakhs) | *Unit Price* (₹/unit) | *Sales* (₹ lakhs) |
| 2011 | 5 | 3 | 4 | 4·4 | 7 | 3·5 |
| 2012 | 6 | 3 | 6 | 4·2 | 6 | 3·6 |
| 2013 | 7 | 3·5 | 5 | 4·5 | 8 | 4 |
| 2014 | 8 | 4 | 7 | 4·9 | 5 | 5 |
| 2015 | 9 | 3·6 | 6 | 4·2 | 6 | 4·2 |

Assume : Only these three companies exist in the market.

निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं इस सारणी के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बार के रूप में एकसमान साबुन बनाने वाली तीन कंपनियाँ $X$, $Y$ और $Z$ हैं।

साबुन इकाइयों की संख्या के अनुसार बेचे जाते हैं।

कुल बिक्री = विक्रय मूल्य × बेची गई इकाइयाँ

| वर्ष | X | | Y | | Z | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | इकाई मूल्य (₹/इकाई) | बिक्री (₹ लाख) | इकाई मूल्य (₹/इकाई) | बिक्री (₹ लाख) | इकाई मूल्य (₹/इकाई) | बिक्री (₹ लाख) |
| 2011 | 5 | 3 | 4 | 4·4 | 7 | 3·5 |
| 2012 | 6 | 3 | 6 | 4·2 | 6 | 3·6 |
| 2013 | 7 | 3·5 | 5 | 4·5 | 8 | 4 |
| 2014 | 8 | 4 | 7 | 4·9 | 5 | 5 |
| 2015 | 9 | 3·6 | 6 | 4·2 | 6 | 4·2 |

मान लीजिए : बाजार में केवल यही तीन कंपनियाँ हैं।

*(a)* What was the average price of soap in the year 2013 (₹/unit)? 8

वर्ष 2013 में साबुन का औसत मूल्य क्या था (₹/इकाई)?

*(b)* What was the percentage decrease in units sold for $X$ in 2012 over 2011? 8

$X$ के लिए 2011 की तुलना में 2012 में बेची गई इकाइयों में कितने प्रतिशत की कमी हुई?

*(c)* What was the percentage share of $Z$ in the total units sold in 2013? 8

2013 में बेची गई कुल इकाइयों में $Z$ का कितने प्रतिशत हिस्सा था?

*(d)* In which year $Y$ sold the maximum number of units? 6

किस वर्ष में $Y$ ने इकाइयों की अधिकतम संख्या बेची?

*(e)* The maximum price per unit given in the table exceeds the minimum price per unit by what percentage? 6


सारणी में दिया गया प्रति इकाई अधिकतम मूल्य प्रति इकाई न्यूनतम मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?




https://www.evidyarthi.in

**Or / अथवा**

The following pie-chart shows the expenditure incurred on the manufacturing of a calculator under various heads. Study the pie-chart carefully and answer the questions given below :




नीचे दिया गया वृत्त-ग्राफ विभिन्न मदों के तहत कैलकुलेटर के निर्माण पर किए गए व्यय को दर्शाता है। वृत्त-ग्राफ का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




*(a)* What is the central angle of the sector showing the expenditure incurred on paying for the software? 6

सॉफ्टवेयर के भुगतान पर किए गए व्यय को दर्शानेवाला सेक्टर का केन्द्रीय कोण कितना है?

*(b)* What is the cost price of the calculator on which the cost of R & D and machinery charges amount to ₹ 127·50 ? 6

कैलकुलेटर का लागत मूल्य क्या है जिस पर R & D और मशीनरी शुल्क की लागत ₹ 127·50 है?

*(c)* The marked price of a calculator is 24% more than its cost price. If the marked price of a calculator be ₹ 186, then what is the cost price of R & D used in a single unit of calculator? 8

कैलकुलेटर का अंकित मूल्य उसके लागत मूल्य से 24% अधिक है। यदि कैलकुलेटर का अंकित मूल्य ₹ 186 है, तो कैलकुलेटर की एक इकाई में प्रयुक्त R & D का लागत मूल्य क्या है?


(d) If the machinery charges of a single unit be ₹ 58·50 and the marked price is 30% more than the cost price, then what is the marked price of the calculator? 8

यदि एक इकाई का मशीनरी शुल्क ₹ 58·50 और अंकित मूल्य लागत मूल्य से 30% अधिक है, तो कैलकुलेटर का अंकित मूल्य कितना है?


(e) If the profit of the manufacturer is 20% and the marked price of a calculator be ₹ 192, then how much money has been spent on it as miscellaneous charges? 8

यदि उत्पादक का लाभ 20% है और कैलकुलेटर का अंकित मूल्य ₹ 192 है, तो इस पर विविध शुल्क के रूप में कितनी रकम खर्च की गई है?

**8.** Study the pie diagrams given below carefully which represent the expenditure of two families I and II on different items in percentages and answer the questions asked below. The annual income of families I and II are ₹ 4 lakhs and ₹ 5 lakhs respectively :




नीचे दिए गए वृत्त चित्रों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए जो दो परिवारों I एवं II के विभिन्न मदों पर किए गए व्ययों को प्रतिशतों में प्रदर्शित करते हैं तथा नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। परिवारों I एवं II की वार्षिक आय क्रमशः ₹ 4 लाख एवं ₹ 5 लाख हैं :







https://www.evidyarthi.in

(a) How much less or more amount of money is spent on education by family II as compared to family I? 7

परिवार II परिवार I की अपेक्षा कितना कम या अधिक धन शिक्षा पर व्यय करता है?

(b) Which one of the two families I and II spends more amount of money on food and how much? 7

परिवारों I एवं II में से कौन भोजन पर अधिक धन व्यय करता है और कितना?

(c) What is the proportion of money spent by families I and II on education? 7

परिवारों I एवं II द्वारा शिक्षा पर व्यय धन का अनुपात क्या है?

(d) What would be the angle at the centre of pie diagram of money spent on housing by family I ? 7


परिवार I द्वारा घर पर खर्च धन का वृत्त चित्र के केन्द्र पर कोण क्या होगा?

(e) How much money has been spent by families I and II together on mixed items? 8


दोनों परिवारों I एवं II द्वारा संयुक्त रूप से कुल कितना धन मिश्रित मदों पर व्यय किया गया है?

***Or / अथवा***

The bar graph given below represents the additional tax collected by a State in different years. Study it carefully and answer the questions given below related to it :



नीचे दिया गया बार ग्राफ एक प्रदेश (राज्य) द्वारा विभिन्न वर्षों में एकत्रित अतिरिक्त करों को दर्शाता है। इसका ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा इससे सम्बन्धित नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




*(a)* How much percentage decrease in additional tax was registered in 2020–21 as compared to 2018–19? 7

2018–19 की तुलना में 2020–21 में अतिरिक्त कर में कितने प्रतिशत की कमी हुई?

*(b)* How much percentage increase in additional tax was registered in 2017–18 as compared to 2016–17? 7

2016–17 की तुलना में 2017–18 में अतिरिक्त कर में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

*(c)* During which year the maximum percentage increase in additional tax was registered as compared to its preceding year? 8

किस वर्ष के दौरान उसके पिछले वर्ष की तुलना में अतिरिक्त कर में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि हुई?

*(d)* From 2014–15 to 2020–21, what is the average of additional tax? 7

2014–15 से 2020–21 तक का अतिरिक्त कर औसत क्या है?

*(e)* During which two consecutive years percentage of decrease in additional tax was minimum? 7

किन दो लगातार वर्षों के दौरान अतिरिक्त कर में कमी का प्रतिशत सबसे कम था?

★★★



https://www.evidyarthi.in